कार्यालय पुलिस उपायुक्त जोन-काशी, कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 16.04.2025

विषयः-थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा क्रूरतापूर्वक वध हेतु ले जाये जा रहे 02 राशि गाय व घटना में प्रयुक्त टाटा मैजिक बरामद कर 02 नफर अभियुक्त को हिरासत पुलिस में लिया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली महोदय व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में दिनांक-15/04/2025 को रामनगर पुलिस को जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि एक मैजिक राजातालाब की तरफ से बिहार की तरफ जा रहा है जिसमें गोवंशीय पशु लदे हुए हुए है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ढुण्ढराज पुलिया के पास हिकमत अमली से मैजिक को रोका गया अपने को फंसता देख ट्रक चालक व उसमें बैठा एक व्यक्ति मैजिक से कूदकर भागे पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास से पकड़कर हिरासत पुलिस में लिया गया तथा मैजिक से 02 राशि गाय बरामद होने पर अभियुक्त को कारण गिरफ्तारी बताते हुए हिरासत पुलिस में लेते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-0069/2025 धारा 3 / 5ए / 5बी / 8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थानः- दिनांक-15-04-2025 को ढुण्ढराज पुलिस के पास से

बरामदगी का विवरण-02 राशि गाय व घटना में प्रयुक्त टाटा मैजिक नम्बर UP62AT6692

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1- अभिषेक तिवारी पुत्र चन्द्रकेश तिवारी निवासी ग्राम हैदरेपुर थाना मुगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर उम्र 21 वर्ष
2- विपिन कुमार पुत्र राकेश राम निवासी धनेछा थाना दुर्गावती जनपद भभुआ बिहार उम्र 20 वर्ष

पंजीकृत अभियोग का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 15/04/2025 को वादी मुकदमा उ0नि0 श्री आदित्य कुमार राय चौकी प्रभारी भीटी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी के लिखित फर्द जिसमें 02 राशि गोवंश पशु (गाय) को टाटा मैजिक संख्या UP62AT6692 में क्रूरतापूर्ण तरीके से नायलान के पट्टा से बांधकर ले जाया जा रहा था जिसे पुलिस टीम द्वारा बरामद कर मौके से अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-0069/2025 धारा 3 / 5ए / 5बी / 8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया।

आपराधिक इतिहास का विवरण –

विपिन कुमार--------

1- मु0अ0सं0-0156/2023 धारा 3 / 5ए / 5बी / 8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना सैय्यदराजा जनपद चन्दौली
2- मु0अ0सं0-0045/2024 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना सैय्यदराजा जनपद चन्दौली

3- मु0अ0सं0-0069/2025 धारा 3 / 5ए / 5बी / 8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

अभिषेक तिवारी--------

1- मु0अ0सं0-0151/2022 धारा 120बी / 366 / 506 भा0द0वि0 थाना मुगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर
2- मु0अ0सं0-0069/2025 धारा 3 / 5ए / 5बी / 8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

पुलिस टीम का विवरण –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री आदित्य कुमार राय चौकी प्रभारी भीटी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री अमित त्रिपाठी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 श्री अमित शर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 रविन्द्र सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. हे0का0 सुर्य प्रकाश तिवारी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 मंजेश यादव थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी